भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 394**

04 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

**विषयः- फसल बीमा**

**394. डॉ. हेमंत विष्णु सवराः**

**क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार महाराष्ट्र सहित देश में विभिन्न बीमा कंपनियों के माध्यम से फसल बीमा करा रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी जिलावार ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र के पालघर जिले सहित देश भर में कितने किसानों की फसलों का बीमा कराया गया है और उन्हें उक्त कंपनियों द्वारा मुआवजा दिया गया है;
(घ) क्या सरकार को कंपनियों के विरुद्ध मुआवजे और मुआवजे में विलंब के मामलों के बारे में शिकायतें प्राप्त हो रही हैं; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री राम नाथ ठाकुर)**

(क) से (ग): जी हाँ। प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को खरीफ 2016 सीजन से देश में शुरू किया गया है। इस योजना को केंद्र सरकार द्वारा पैनलबद्ध सामान्य बीमा कंपनियों के माध्यम से क्रियान्वित किया जाता है। तथापि, विशिष्ट बीमा कंपनी का चयन संबंधित राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी निविदा प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। महाराष्ट्र वर्ष 2016 से इस योजना को नियमित रूप से क्रियान्वित कर रहा है।

पिछले 5 वर्षों अर्थात वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 (दिनांक 31.12.2024 तक) के दौरान योजना के अंतर्गत जिन किसानों की फसलों का बीमा किया गया है और जिनके दावों का भुगतान किया गया है, उनकी संख्या का विवरण निम्नलिखित तालिका पर दिया गया है:

| वर्ष | फसल बीमा हेतु नामांकित किसानों आवेदनों की संख्या (संख्या में) | भुगतान किए गए दावे (रुपये करोड़ में) |
|---|---|---|
| 2019-20 | 6,17,33,490 | 27,911.32 |
| 2020-21 | 6,22,61,955 | 21,224.74 |
| 2021-22 | 8,29,79,506 | 20,844.77 |
| 2022-23 | 11,21,18,132 | 18,211.73 |
| 2023-24 | 14,29,45,872 | 15,504.87 |

पिछले 5 वर्षों अर्थात वर्ष 2019-20 से 2023-24 के दौरान महाराष्ट्र में बीमित किसान आवेदन और भुगतान किए गए दावों की संख्या का जिला-वार विवरण क्रमशः **अनुबंध- I और II** पर दिया गया है।

**(घ) और (ङ):** बीमा मॉडल का चयन, पारदर्शी बिडिंग प्रक्रिया के माध्यम से बीमा कंपनियों का चयन, स्वीकार्य दावों की गणना के लिए फसल उपज/फसल नुकसान का आकलन जैसे सभी प्रमुख कार्य संबंधित

राज्य सरकार या राज्य सरकार के अधिकारियों और संबंधित बीमा कंपनी की संयुक्त समिति द्वारा किए जा रहे हैं। योजना के उचित निष्पादन के लिए योजना के ऑपरेशनल गाइडलाइंस में प्रत्येक स्टेकहोल्डर्स की भूमिका और जिम्मेदारियों को परिभाषित किया गया है।

अधिकांश दावों का निपटान बीमा कंपनियों द्वारा योजना के ऑपरेशनल गाइडलाइंस के तहत निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाता है। तथापि, पीएमएफबीवाई के कार्यान्वयन के दौरान, बीमा कंपनियों के विरुद्ध दावों का भुगतान न करने और/या विलंब से भुगतान करने, बैंकों द्वारा बीमा प्रस्तावों को गलत/देरी से प्रस्तुत करने के कारण दावों का कम भुगतान करने, उपज के आंकड़ों में विसंगति और इसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार और बीमा कंपनियों के बीच विवाद, राज्य सरकार के हिस्से की निधि प्रदान करने में विलंब, बीमा कंपनियों द्वारा पर्याप्त कर्मियों की तैनाती न करने आदि के बारे में कुछ शिकायतें पहले भी प्राप्त हुई हैं, जिनका योजना के प्रावधानों के अनुसार उचित तरीके से समाधान किया गया है।

चूंकि यह योजना राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जाती है, इसलिए बीमित किसानों के दावों से संबंधित शिकायतों सहित शिकायतों का निपटान करने के लिए योजना के संशोधित ऑपरेशनल गाइडलाइंस में स्तरीकृत शिकायत निवारण तंत्र अर्थात जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति (डीजीआरसी), राज्य स्तरीय शिकायत निवारण समिति (एसजीआरसी) का प्रावधान किया गया है। इन समितियों को ऑपरेशनल गाइडलाइंस में उल्लिखित विस्तृत अधिदेश दिए गए हैं, ताकि शिकायतों की सुनवाई की जा सके और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनका निपटान किया जा सके।

शिकायत निवारण तंत्र को और बेहतर बनाने के लिए कृषि रक्षक पोर्टल और हेल्पलाइन (केआरपीएच) विकसित की गई है। एक अखिल भारतीय टोल फ्री नंबर 14447 शुरू किया गया है और इसे बीमा कंपनियों के डेटाबेस से जोड़ा गया है, जहाँ किसान अपनी शिकायतें/मुद्दे उठा सकते हैं। इन शिकायतों/मुद्दों को हल करने की समय-सीमा भी तय की गई है। आज तक केआरपीएच पर 95.03 लाख कॉल प्राप्त हुई हैं। इनमें से 29.35 लाख मुद्दों से संबंधित ई-टिकट तैयार किए गए और बीमा कंपनियों को कार्रवाई के लिए भेजे गए। बाकी मुद्दे या तो सूचनात्मक थे या जानकारी मांगने वाले थे। 29.35 लाख मुद्दों से संबंधित ई-टिकट तैयार किए गए, जिनमें से 29.12 लाख (99%) का समाधान किया जा चुका है। इससे केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को एकीकृत मंच पर स्टेकहोल्डर्स की शिकायतों की निगरानी करने में मदद मिली है।

अनुबंध-I

**पिछले 5 वर्षों अर्थात वर्ष 2019-20 से 2023-24 के दौरान पी.एम.एफ.बी.वाई. और आर.डब्ल्यू.बी.सी.आई.एस. के अंतर्गत महाराष्ट्र में बीमित किसान आवेदनों की संख्या का जिलावार विवरण (दिनांक 31.12.2024 तक)**

| जिले का नाम | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | कुल जिले (पिछले 5 वर्ष) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अहमदनगर | 7,88,517 | 6,32,518 | 3,41,781 | 2,56,274 | 18,16,745 | 38,35,835 |
| अकोला | 2,83,627 | 2,82,746 | 3,04,603 | 3,40,948 | 5,98,952 | 18,10,876 |
| अमरावती | 2,16,964 | 2,19,451 | 1,98,323 | 2,33,924 | 5,70,734 | 14,39,396 |
| औरंगाबाद | 12,65,728 | 8,92,629 | 6,05,409 | 7,82,286 | 14,49,982 | 49,96,034 |
| भंडारा | 1,64,501 | 1,87,171 | 1,50,754 | 1,34,738 | 2,65,930 | 9,03,094 |
| बिड | 21,22,489 | 21,71,451 | 15,53,805 | 17,67,819 | 30,48,091 | 1,06,63,655 |
| बुलढाणा | 2,63,242 | 3,20,566 | 2,56,011 | 3,73,335 | 10,42,920 | 22,56,074 |
| चंद्रपुर | 89,071 | 98,322 | 59,080 | 68,789 | 3,50,645 | 6,65,907 |
| धुले | 84,881 | 68,174 | 56,207 | 70,540 | 3,18,847 | 5,98,649 |
| गडचिरोली | 36,305 | 37,294 | 32,126 | 26,364 | 1,26,389 | 2,58,478 |
| गोंदिया | 71,001 | 57,783 | 16,136 | 17,143 | 2,41,564 | 4,03,627 |
| हिंगोली | 3,51,031 | 3,23,546 | 3,99,359 | 4,06,492 | 7,17,009 | 21,97,437 |
| जलगांव | 1,49,988 | 2,12,872 | 2,05,368 | 2,69,318 | 5,70,841 | 14,08,387 |
| जलना | 15,82,484 | 9,88,061 | 6,73,876 | 8,86,041 | 16,71,867 | 58,02,329 |
| कोल्हापुर | 808 | 3,675 | 6,380 | 6,373 | 56,129 | 73,365 |
| लातूर | 11,02,796 | 12,12,459 | 11,23,437 | 9,61,104 | 13,85,230 | 57,85,026 |
| नागपुर | 59,887 | 38,908 | 22,830 | 34,084 | 2,84,109 | 4,39,818 |
| नांदेड़ | 13,41,536 | 10,51,087 | 9,88,260 | 12,25,277 | 16,91,970 | 62,98,130 |
| नंदुरबार | 18,301 | 12,166 | 13,839 | 12,752 | 1,56,284 | 2,13,342 |
| नासिक | 2,29,182 | 2,96,942 | 1,52,806 | 1,75,680 | 6,89,914 | 15,44,524 |
| उस्मानाबाद | 14,97,304 | 10,16,291 | 7,98,408 | 7,21,384 | 14,75,177 | 55,08,564 |
| **पालघर** | ***28,628*** | ***43,063*** | ***28,256*** | ***23,336*** | ***60,836*** | ***1,84,119*** |
| परभनी | 9,63,982 | 7,61,936 | 7,48,411 | 7,13,134 | 12,67,406 | 44,54,869 |
| पुणे | 46,807 | 40,194 | 20,537 | 13,418 | 3,26,771 | 4,47,727 |
| रायगढ़ | 9,776 | 17,922 | 17,087 | 15,273 | 67,670 | 1,27,728 |
| रत्नागिरि | 21,958 | 25,840 | 30,280 | 35,614 | 56,375 | 1,70,067 |
| सांगली | 2,10,672 | 1,30,353 | 51,254 | 45,784 | 4,40,846 | 8,78,909 |
| सतारा | 81,245 | 45,852 | 19,111 | 10,507 | 2,71,848 | 4,28,563 |
| सिंधुदुर्ग | 18,003 | 26,812 | 37,616 | 49,261 | 82,154 | 2,13,846 |
| सोलापुर | 5,89,978 | 3,38,358 | 2,85,867 | 2,37,289 | 10,69,319 | 25,20,811 |
| थाइन | 16,714 | 38,399 | 51,889 | 49,159 | 1,02,501 | 2,58,662 |
| वर्धा | 36,520 | 32,365 | 16,793 | 29,059 | 2,69,404 | 3,84,141 |
| वाशिम | 2,94,139 | 2,86,177 | 2,60,459 | 2,87,752 | 5,96,613 | 17,25,140 |
| यवतमाल | 5,28,166 | 4,94,988 | 3,76,224 | 4,53,772 | 10,43,686 | 28,96,836 |
| **महाराष्ट्र कुल** | **1,45,66,231** | **1,24,06,368** | **99,02,582** | **1,07,34,023** | **2,41,84,758** | **7,17,93,962** |

**अनुबंध-II**

| पिछले 5 वर्षों अर्थात वर्ष 2019-20 से 2023-24 के दौरान पी.एम.एफ.बी.वाई. और आर.डब्ल्यू.बी.सी.आई.एस. के अंतर्गत महाराष्ट्र में भुगतान किए गए दावों का जिलावार विवरण (दिनांक 31.12.2024 तक की स्थिति के अनुसार) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **जिले का नाम** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **कुल जिले (पिछले 5 वर्ष)** |
| | (रुपए करोड़ में) | | | | | |
| अहमदनगर | 394.62 | 19.65 | 66.96 | 88.68 | 1,249.39 | 1,826.33 |
| अकोला | 167.79 | 81.35 | 164.04 | 169.10 | 227.83 | 813.11 |
| अमरावती | 279.07 | 83.33 | 93.87 | 294.25 | 94.77 | 850.26 |
| औरंगाबाद | 398.37 | 37.89 | 143.70 | 318.70 | 414.79 | 1,320.55 |
| भंडारा | 67.33 | 4.29 | 2.10 | 0.05 | 9.39 | 84.36 |
| बिड | 684.83 | 22.37 | 444.38 | 406.58 | 445.75 | 2,016.11 |
| बुलढाणा | 233.27 | 90.98 | 96.66 | 285.50 | 279.17 | 989.74 |
| चंद्रपुर | 28.18 | 31.19 | 7.01 | 16.07 | 216.63 | 299.57 |
| धुले | 111.73 | 5.72 | 44.56 | 26.35 | 93.44 | 283.79 |
| गडचिरोली | 14.00 | 9.02 | 5.96 | 3.96 | 1.96 | 35.15 |
| गोंदिया | 10.35 | 2.39 | 1.50 | 3.42 | 10.03 | 27.87 |
| हिंगोली | 125.71 | 105.26 | 103.89 | 136.15 | 109.85 | 583.10 |
| जलगांव | 576.50 | 42.56 | 631.34 | 226.61 | 712.86 | 2,200.15 |
| जलना | 210.45 | 63.11 | 172.60 | 229.63 | 340.22 | 1,019.76 |
| कोल्हापुर | 0.27 | 0.56 | 2.97 | 2.12 | 0.74 | 6.68 |
| लातूर | 804.25 | 120.84 | 371.11 | 460.10 | 393.98 | 2,164.62 |
| नागपुर | 14.12 | 12.62 | 12.07 | 15.58 | 137.92 | 192.56 |
| नांदेड़ | 390.51 | 129.33 | 509.81 | 624.78 | 490.63 | 2,152.02 |
| नंदुरबार | 11.80 | 1.68 | 11.26 | 5.41 | 125.60 | 155.96 |
| नासिक | 215.76 | 73.41 | 58.32 | 26.40 | 1,026.07 | 1,403.81 |
| उस्मानाबाद | 590.59 | 65.01 | 366.21 | 749.15 | 322.28 | 2,103.76 |
| **पालघर** | **43.08** | **34.43** | **13.46** | **2.18** | **3.34** | **97.26** |
| परभनी | 308.07 | 88.66 | 742.95 | 218.28 | 541.44 | 1,904.88 |
| पुणे | 36.57 | 3.37 | 6.31 | 1.49 | 61.92 | 110.30 |
| रायगढ़ | 33.71 | 31.30 | 22.24 | 0.19 | 1.40 | 89.44 |
| रत्नागिरि | 82.95 | 59.01 | 87.82 | 0.25 | 0.08 | 231.57 |
| सांगली | 134.88 | 14.70 | 32.17 | 7.23 | 149.32 | 340.71 |
| सतारा | 27.28 | 0.87 | 8.85 | 0.48 | 114.46 | 152.43 |
| सिंधुदुर्ग | 54.05 | 51.61 | 76.39 | 0.64 | 1.16 | 184.81 |
| सोलापुर | 246.90 | 120.47 | 157.29 | 167.58 | 252.72 | 949.35 |
| थाइन | 16.23 | 39.42 | 17.44 | 2.01 | 2.62 | 78.00 |
| वर्धा | 5.54 | 15.22 | 0.87 | 30.52 | 124.20 | 176.45 |
| वाशिम | 149.99 | 22.86 | 40.08 | 141.27 | 206.85 | 563.72 |
| यवतमाल | 289.59 | 75.17 | 97.28 | 371.45 | 329.69 | 1,168.34 |
| **महाराष्ट्र कुल** | **6,758.35** | **1,559.65** | **4,613.47** | **5,032.19** | **8,492.49** | **26,456.15** |

*****